>

Title: Need to construct a dam in Misrikh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid.

**श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख):** उत्तर प्रदेश राज्य के मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मल्लावां-बिलग्राम विधानसभा क्षेत्र गंगा नदी से बाढ़ प्रभावित इलाका है । यहाँ पर प्रत्येक वर्ष गंगा नदी से बाढ़ आने पर कटरी-परसौला-छिबरामऊ सहित काफी गाँवों की न केवल फसल बरबाद हो जाती है, बल्कि उनके मकान भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर वे आवासविहीन हो जाते हैं । ऐसी स्थिति में कृषि उपज बरबाद होने पर जहाँ उनकी जीविका का सहारा समाप्त हो जाता है वहीं वे बेघर भी जो जाते हैं । मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह उपरोक्त क्षेत्र को प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ से बचाए जाने के लिए एक बांध मेंहदीघाट से होते हुए राजघाट सड़िया पुल तक केन्द्रीय आवंटन से बनाए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाएं और जब तक बांध का निर्माण नहीं होता, उस स्थिति में गंगा नदी के कटान को रोकने के लिए छोटी-छोटी ठोकर बनवाए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए ।